# गणपति आये | by Shubham Sharma

मंगल गावो गणपति आये
खुशियां मनावो बप्पा आये
मन मंदिर में करो स्थापना ढोल मृदंग बजाओ
मंगल गावो........

मंगल मूर्ति नाम तुम्हारा, रूप बड़ा ही प्यारा
तेरे आने से मेरे घर में हो गया उजियारा
हाथ जोड़ कर करू प्रार्थना मोदक भोग लगाओ
मंगल गावो........

अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता, प्रभु तुम्ही कहलाते
साल में एक बार ही आके घर खुशियों से भर जाते
सेवा करो स्वीकार हमारी अपनी कृपा बरसाओ
मंगल गावो........

मंडप खूब सजाया मैंने राह को तेरी बुहारा
मुझको पता है तुमको प्रिय है प्रेम भाव हमारा
उत्सव में आओ मेरे बप्पा प्रेम रंग बरसाओ
मंगल गावो........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-by-shubham-sharma/